**NEWS CLIPPING:17.09.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose University celebrated its 54th Foundation Day

**FARIDABAD(TIT NEWS) :** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad today celebrated its 54th Foundation Day with great zeal and enthusiasm and felicitated students, staff, and alumni on their distinguished achievements.It may be noted that JC Bose University, which came into existence in 1969 as an Indo-German diploma Institute famously known as YMCA Institute of Engineering and upgraded to the level of University in the year 2009, has completed its 53 years as an Institution, and 13 years as University. The Chairman of Haryana State Higher Education Council (HSHEC) Prof. B.K. Kuthiala was the chief guest at the function, while eminent educationist and founding Vice-Chancellor of Guru Jambheshwar University, Hisar Dr. K.L. Johar, and former Director of CSIR Dr. Girish Sahni were guests of honour. The program was presided over by the Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar. A bouquet of cultural programs was presented by students of different clubs in the form of songs, poetry, dance, and yoga demonstration to mark the occasion which was highly appreciated by all. The program was organized by the office of Dean Student Welfare. Speaking on this occasion, Prof. Kuthiala congratulated all stakeholders on Foundation Day, and that JC Bose University is a great example of how an institution develops at its best. He said that in Haryana, about 29 percent of students reach the level of higher education, and they have the responsibility to work for the development of society, and the nation. He said that Haryana is among the top five states that are performing well in higher education.





**NEWS CLIPPING:17.09.2022**

# THE TRIBUNE

## MANAGEMENT OF E- WASTE COLLECTION

**Faridabad:** To create awareness about e-waste and its management among students, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, in association with Rotary Club of Faridabad Sanskriti, installed e-bins for a systematic collection of e-waste. "E-waste collected from different places will be made available to the school students for reuse, recycling and experimental work under the commercial skill development programme being conducted by the university," said VC SK Tomar. He said the university might also introduce a course on e-waste management.

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:17.09.2022**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विश्वविद्यालय ने हर्षोल्लास से मनाया 54वां स्थापना दिवस

# गैर-तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को दिया जाएगा आजीविका कौशल: प्रो. बीके कुठियाला



सम्मानित करते हुए। विशाल त्रिवेदी

कर्ण पराशर

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज 54वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एचएसएचईसी) के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला समारोह के मुख्यातिथि रहे। समारोह में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के संस्थापक कुलपति डॉ. केएल जौहर और सीएसआईआर के पूर्व निदेशक डॉ. गिरीश साहनी विशिष्ट अतिथि रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विभिन्न छात्र क्लबों द्वारा गीत, कविता, नृत्य और योग प्रदर्शन के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसकी सभी ने सराहना गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. कुठियाला ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा उच्च शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। वर्तमान में, राज्य में हर 15 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज और हर जिले में एक विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् उद्योग और शिक्षा के बीच के अंतराल को भरने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की योजना पर काम कर रहा है। साथ ही, परिषद की गैर-तकनीकी पाठ्यक्रमों जैसे कला, वाणिज्य और विज्ञान के छात्रों को आजीविका अर्जन कौशल प्रदान करने की योजना है ताकि उन्हें आजीविका के लिए सक्षम बनाया जा सके। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय का एक शिक्षण संस्थान के रूप में न केवल फरीदाबाद क्षेत्र के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि इसके पूर्व छात्रों ने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए नवाचार और अनुसंधान पर काम करें विद्यार्थी: जौहर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जौहर ने एक शैक्षणिक संस्थान के रूप में विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इसके छात्रों की क्षमताओं की सराहना की। उन्होंने छात्रों को देश के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए नवाचार और अनुसंधान पर काम करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। समारोह में कुलपति कार्यालय में चालक रामनिवास को विश्वविद्यालय की 25 वर्षों की समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित किए गए विशिष्ट पूर्व छात्रों में फूजी जेमको प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेश सचदेवा, शुभम लिफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विनोद कुमार राजपाल, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन



बोर्ड के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव और उद्दलमन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुमीत अरोड़ा शामिल रहे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 22 छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

**NEWS CLIPPING:17.09.2022**

# AMAR UJALA


# शिक्षा और उद्योग के बीच के अंतराल को जल्द भरेगा विवि : प्रो. कुठियाला

## विवि के स्थापना दिवस पर विद्यार्थी, कर्मचारी और पूर्व छात्र विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) में शुक्रवार को 54वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एचएसएचईसी) के अध्यक्ष प्रोफेसर वृज किशोर कुठियाला बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। समारोह में गुरु जंभेश्वर विवि हिसार के संस्थापक कुलपति डॉ. केएल जौहर और सीएसआईआर के पूर्व निदेशक डॉ. गिरीश साहनी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की।

विभिन्न छात्र क्लब की ओर से इस दौरान गीत, कविता, नृत्य और योग प्रदर्शन के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. कुठियाला ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जेसी बोस विवि समाज की उन्नति में उच्च शिक्षा का योगदान दे रहा है। प्रदेश में लगभग 29 प्रतिशत छात्र उच्च शिक्षा के स्तर तक पहुंचते हैं। यह छात्र देश और समाज के विकास में योगदान की बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा उच्च शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच राज्यों में शामिल हैं। वर्तमान में, राज्य में हर 15 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज और हर जिले में एक विश्वविद्यालय है।



जेसीबोस के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

उन्होंने कहा कि सरकारी विश्वविद्यालयों के लिए काफी संख्या में सरकार ने नए शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों को मंजूरी दी है। जल्द ही भर्ती प्रक्रिया भी शुरू होगी। राज्य उच्च शिक्षा परिषद उद्योग और शिक्षा के बीच के अंतराल को भरने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की योजना पर काम कर रहा है। साथ ही, परिषद की गैर-तकनीकी पाठ्यक्रमों जैसे कला, वाणिज्य और विज्ञान के छात्रों को आजीविका अर्जन कौशल प्रदान करने की योजना है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 22 छात्रों को भी सम्मानित किया गया। वर्ष 1969 में एक इंडो-जर्मन डिप्लोमा संस्थान के रूप में जेसी बोस विवि अस्तित्व में आया। अब यह विश्वविद्यालय के रूप में पहचान बनाने में सफल रहा है।

**NEWS CLIPPING:17.09.2022**

# SATYAJAY TIMES

# खराब टीवी, एलईडी और अन्य ई–कचरा अब डालें ई–बिन में

**फरीदाबाद, 16 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** लोगों को अब अपने खराब टीवी, एलईडी, डीवीडी, सीडी प्लेयर, वाशिंग मशीन, कंप्यूटर व उसके उपकरणों को इधर-उधर नहीं फेंकने पड़ेंगे। जेसी बोस विश्वविद्यालय ने रोटरी क्लब संस्कृति फरीदाबाद के सहयोग से ई-कचरे के लिए व्यवस्थित संग्रह प्रणाली विकसित करने के उद्देश्य से ई-बिन लांच किया। यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग करेगा। विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को इंजीनियर दिवस के उपलक्ष्य में बेहतर दुनिया के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग विषय के तहत टेकशाला नामक कार्यक्रम का हुआ। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने ई-कचरा संग्रह के लिए चिन्हित स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले ई-बिन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वीजी ग्रुप के चेयरमैन नवीन सूद विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में रोटेरियन संदीप सिंघल सहित रोटरी क्लब के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। शहर के विभिन्न स्थानों से एकत्र किए गए ई-कचरे को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित व्यावसायिक कौशल विकास कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्रों को पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और प्रायोगिक कार्य के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है। ई-कचरा प्रबंधन प्रणाली के लिए ग्रीन सर्टिफिकेट होल्डर देशवाल ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज को भी ई-कचरा दिया जाएगा। रोटेरियन संदीप सिंघल ने बताया कि ई-बिन शहर के 11 जगहों पर इंस्टाल किए जाएंगे। लोग यहां पर खराब मोबाइल सहित अन्य उपकरण डाल सकेंगे। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की।



J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:17.09.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस ने हर्षोल्लास से मनाया 54वां स्थापना दिवस

## विद्यार्थी, कर्मचारी एवं पूर्व छात्र विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने आज 54वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया और विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं पूर्व छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एचएसएचईसी) के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला समारोह के मुख्य अतिथि रहे। समारोह में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के संस्थापक कुलपति डॉ. के. एल. जौहर और सीएसआईआर के पूर्व निदेशक डॉ. गिरीश साहनी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विभिन्न छात्र क्लबों द्वारा गीत, कविता, नृत्य और योग प्रदर्शन के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसकी सभी ने सराहना गया। कार्यक्रम का आयोजन विवि के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।



**जेसीबोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष बृज किशोर कुठियाला।**

समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. कुठियाला ने विवि के स्थापना दिवस पर सभी हितधारकों को बधाई दी और कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि कैसे एक संस्थान सर्वश्रेष्ठ रूप में विकास होता है। समाज की उन्नति में उच्च शिक्षा के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगभग 29 प्रतिशत छात्र उच्च शिक्षा के स्तर तक पहुंचते हैं, जिन पर देश और समाज के विकास में योगदान की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा उच्च शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। वर्तमान में, राज्य में हर 15 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज और हर जिले में एक विश्वविद्यालय है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी विश्वविद्यालयों के लिए काफी संख्या में नये शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों को मंजूरी दी है और भर्ती प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू की जाएगी। विवि में पूर्व छात्रों के जुड़ाव के महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद उद्योग और शिक्षा के बीच के अंतराल को भरने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की योजना पर काम कर रहा है। साथ ही, परिषद की गैर-तकनीकी पाठ्यक्रमों जैसे कला, वाणिज्य और विज्ञान के छात्रों को आजीविका अर्जन कौशल प्रदान करने की योजना है ताकि उन्हें आजीविका के लिए सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को समयबद्ध कार्य योजना बताते हुए कहा कि हरियाणा ने 2025 तक एनईपी लक्ष्यों को प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है और परिषद् एनईपी से लक्ष्यों से आगे जाकर शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय नीतियों के साथ जोड़ने के प्रयास कर रही है।

**NEWS CLIPPING:17.09.2022**

# HINDUSTAN

## स्थापना दिवस पर छात्र सम्मानित

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में शुक्रवार को 54वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों, कर्मचारियों व पूर्व छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एचएसएचईसी) के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला समारोह के मुख्य अतिथि रहे।

वहीं, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के संस्थापक कुलपति डॉ. केएल जौहर और सीएसआईआर के पूर्व निदेशक डॉ. गिरीश साहनी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। अतिथियों ने जगदीश चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

**NEWS CLIPPING:17.09.2022**

# PIONEER

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने मनाया स्थापना दिवस

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 16 सितम्बर। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने आज 54वां स्थापना दिवस मनाया और विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं पूर्व छात्रों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एचएसएचईसी) के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला समारोह के मुख्य अतिथि रहे। समारोह में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के संस्थापक कुलपति डॉ. के. एल. जौहर और सीएसआईआर के पूर्व निदेशक डॉ. गिरीश साहनी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विभिन्न छात्र क्लबों द्वारा गीत, कविता, नृत्य और योग प्रदर्शन के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसकी सभी ने सराहना गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. कुठियाला ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर सभी हितधारकों को बधाई दी और कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि कैसे एक संस्थान सर्वश्रेष्ठ रूप में विकास होता है।